एक नजर में

जिला पंचायत सदस्य अमान सिंह चौहान का निधन

सतवास। सतवास अंचल के लोक प्रिय कांग्रेस नेता जिला पंचायत सदस्य अमान सिंह चौहान नायक बंजारा समाज के वरिष्ठ एवं सम्मानित नेता थे और समाज में ओर हर वर्ग में उनकी पकड़ थी। अमान सिंह चौहान कांग्रेस पार्टी से जिला पंचायत सदस्य रह चुके थे तथा वर्तमान में भी इस पद पर कार्यरत थे, मंगलवार रात उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई ,,बुधवार को उनकी शव यात्रा निकली जिसमे पूर्व विधायक राजनारायन सिंह सहित बड़ी संख्या मे लोगों ने पहुंच कर नर्मदा तट किटी घाट पर उनका उनका अंतिम संस्कार कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए, पूर्व जनपद अध्यक्ष ओम पटेल, कांग्रेस नेता अनिल पटेल, पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष सुनील तिवारी, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश मालवीय, ओम उपाध्यक्ष ने श्रद्धांजलि दी। पूर्व केंद्रीय मंत्री कांग्रेस नेता अरुण यादव, बागली भाजपा विधायक मुरली भंवरा ने सोशल मीडिया के माध्यम से अपनी संवेदना व्यक्त की।

हफ्ता वसूली, मारपीट करने पर 5 साल की सजा

सोनकच्छ। थाना भौंरासा के एक चाय की दुकान पर हफ्ता वसूली की बात को लेकर दुकानदार से एक गुंडे ने मारपीट कर दी थी। इस मामले में न्यायालय ने आरोपी को 5 साल का सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। जानकारी के मुताबिक, 10 सितंबर 21 की रात्रि 8 .30 बजे फरियादी अंकित मालवीय ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि, रोज की तरह उसका भाई घनश्याम मालवीय चाय की दुकान बंद कर रहा था। आरोपी सतीश बागरी आया और बोला कि, दुकान चलाना है तो चार सौ रुपए दें उसके मना करने पर आरोपी ने उस पर हमला कर दिया। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। पुलिस ने फरियादी भाई की रिपोर्ट पर से केस दर्ज किया था। पुलिस ने न्यायालय में चालान बनाकर पेश किया। जहां से न्यायाधीश राकेश जमरा ने आरोपी को 5 साल के सश्रम कारावास व 2 हजार रुपए के अर्थ दंड की सजा सुनाई है। शासन की ओर से पैरवी गजराजसिंह कुशवाह ने की। सहयोग कोर्ट मुंशी जसवंत सिंह पंवार व प्रदीप सिंह सेंधव का रहा।

पार्षद के दुष्कर्मी पति की अग्रिम जमानत खारिज

सोनकच्छ। नगर वार्ड क्रमांक 1 की भाजपा पार्षद के पति पर अलग अलग स्थानों पर ले जाकर व बंधक बनाकर युवती के दुष्कर्म करने वाले आरोपी पिछले 18 दिनों से पुलिस की गिरफ्त से दूर है। वहीं न्यायालय में लगी आरोपी की अग्रिम जमानत न्यायालय ने खारिज कर दी है। 12 अक्टूबर 25 को पास के गांव की एक युवती ने नगर के वार्ड क्रमांक 1 भाजपा पार्षद पति सीताराम खेलवाल पर दुष्कर्म का केस दर्ज कराया था। उसने आरोप लगाया था कि, खेलवाल ने उसे अलग अलग स्थानों पर ले जाकर व बंधक बनाकर दुष्कर्म किया। इस मामले में पुलिस ने केस दर्ज किया था लेकिन आरोपी को गिरफ्तार करने से कतरा रही है। इसी बीच आरोपी ने प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश राघवेंद्र सिंह चौहान की न्यायालय में अग्रिम जमानत के लिए आवेदन लगाया। जिसे न्यायालय ने खारिज कर दिया। उधर आरोपी सत्तापक्ष का लाभ उठाते हुए पुलिस को गुमराह कर पिछले 18 दिनों से फरार चल रहा है। पुलिस उसे ढूढ़ने के प्रयास नही कर रही है।

मकवाना एवं अग्रवाल को दी श्रद्धांजलि

देवास। अखिल भारतीय अनुसूचित जाति परिषद द्वारा उज्जैन रोड अंबेडकर समाज न्यायालय में श्रद्धांजलि सभा लिखी गई थी जिसमें पूर्व मंत्री एवं अनुसूचित जाती के राष्ट्रीय अध्यक्ष मकवाना , कांग्रेस के पूर्व महामंत्री उद्योगपति प्रवेश अग्रवाल, अध्यक्ष बाबूलाल मालवीय जैतपुरा को श्रद्धांजलि की गई। जिला अध्यक्ष आत्माराम परिहार एवं प्रदेश सचिव मदनलाल जेठवा के ने बताया कि श्रद्धांजलि सभा में डॉ मुन्ना सरकार ने अपने उद्बोधन बताया कि प्रवेश अग्रवाल मेरे अनुज थे और पांच वर्षों से समस्त गतिविधियों में और हम दोनों साथ रहते थे। प्रवेश अग्रवाल से बहुत ही विनम्र सरल सौम्य थे उनकी नर्मदे सेना में राष्ट्रीय हजारों युवा जुड़े हुए थे और अपने टीम के साथ ट्रस्ट भावना से साथियों की सेवा करते थे मुझे अपना अपना बड़ा भाई मानते थे और मुझे सलाह लेते थे। कांग्रेस नेता राजेंद्र मालवीय ने पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ योगेश मकवाना के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वर्गीय योगेन्द्र मकवाना ने केन्द्रिय मंत्रिमंडल में रहते हुए कमजोर और वंचित वर्गों के उत्थान के लिए कई योजनाएं बनवाई। पूर्व केंद्रीय मंत्री और अखिल भारतीय अनुसूचित जाति परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष योगेन्द्र मकवाना का 21 अकटोबर को निधन हो गया। परिषद के अध्यक्ष आत्माराम परिहार एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता और लोकसभा प्रत्याशी राजेंद्र राधाकिशन मालवीय ने भी श्री मकवाना एवं श्री अग्रवाल को शब्दों से श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रयास गौतम, वरिष्ठ कांग्रेस नेता भगवान सिंह चावड़ा, वार्ड पार्षद दीपेश कानूनगो, प्रो बी एस मालवीय, रोशन रायकवार, अजाक्स के प्रकोष्ठ अध्यक्ष देवकरण सोलंकी, गंगाराम मालवीय, राजेश गोंदिया सत्यवान पाटिल गब्बर सिंह जेतपुरा दिनेश मालवीय आदि उपस्थित थे। संचालन अनुसूचित जाति प्रकोष्ठ के प्रदेश सचिव मदन लाल जेठवा ने किया तथा आभार एडवोकेट अशोक गुजराती में माना।

सोनकच्छ में 50 पाव विदेशी मदिरा जब्त

देवास। 28 अक्टूबर 2025 को आबकारी वृत्त सोनकच्छ क्षेत्र में गश्त के दौरान टीम को बस स्टैंड सोनकच्छ पर एक बिना नंबर की इलेक्ट्रिक स्कूटर संदिग्ध स्थिति में दिखाई दी। टीम द्वारा वाहन रोकने का प्रयास किया गया, किंतु चालक तेजी से वाहन लेकर भागने लगा। पीछा करने पर चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। वाहन की तलाशी लेने पर स्कूटर के आगे रखे थैले से 50 पाव विदेशी मदिरा बरामद की गई। फरार चालक के विरुद्ध मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 34(1) के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। जब्त की गई सामग्री एवं वाहन का कुल मूल्य लगभग 70,000 रुपये आंका गया है। आज की कार्रवाई में आबकारी उपनिरीक्षक प्रेम यादव, मुख्य आरक्षक राजाराम रायकवार, आरक्षक अरविंद, निकिता परमार, सैनिक किशोर एवं अनिल सम्मिलित रहे। आबकारी विभाग ने बताया कि इस प्रकार की कार्यवाही आगे भी निरंतर जारी रहेगी।

ई.के.वाई.सी.शत -प्रतिशत पूर्ण कराएं: उपायुक्त

देवास। नगर निगम सीमा क्षेत्र में दर्ज समग्र परिवार आई.डी.की शत प्रतिशत ई.के.वाई.सी.पूर्ण कराए जाने के लिए नियुक्त किए गए सभी अधिकारी कर्मचारी शहर के शेष बचे सदस्यों की ई.के.वाई.सी तत्काल पूर्ण करें जिससे कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आसानी से हितग्राहियों को प्राप्त हो सके। यह बात निगम उपायुक्त जाकिर जाफरी ने 27 अक्टूबर सोमवार को नगर निगम सभागृह में आयोजित ई.के.वाई.सी.के दलों की समीक्षा बैठक में कही। उन्होंने कहा कि देवास निगम सीमा क्षेत्र में करीब 75 प्रतिशत ई.के.वाई.सी किए जा चुके हैं शेष बचे परिवारों के शत प्रतिशत ई.के.वाई.सी कराए जाने के लिए आयुक्त दलीप कुमार ने एक आदेश पारित कर तीन झोन के प्रभारी अधिकारी नियुक्त किए हैं। साथ ही प्रत्येक वार्ड के लिए वार्ड प्रभारी की भी नियुक्ति की है। कार्य को समय सीमा में पूर्ण कराए जाने के लिए निगम राजस्व विभाग के सहायक कर्मचारियों को भी इस कार्य के लिए नियुक्त किया गया है। ई.के.वाई.सी के प्रभारी अधिकारी प्रवीण पाठक ने बताया कि बैठक में उपायुक्त श्री जाफरी ने निर्देश दिए कि कोई परिवार यदि शहर छोड़ कर अन्यत्र चला गया है या फिर किसी के परिवार में कोई मृतक सदस्य है ऐसे लोगों को चिन्हित कर उनके नाम सूची से विलोपित करावें ई.के.वाई.सी किए जाने के कार्य की साप्ताहिक समीक्षा करने के निर्देश भी बैठक में दिए गए।

कैबिनेट मंत्री विजयवर्गीय ने दी करोड़ों की सौगात, भूमि पूजन व लोकार्पण

भाषण के दौरान कांग्रेस के नेता को लिया आड़े हाथ

भौरासा। नगर बाबा भंवरनाथ की नगरी एवं बाबा भंवरनाथ मंडल के अंतर्गत नगर भौरासा में मध्य प्रदेश के नगरीय प्रशासन एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के प्रथम नगर आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने भव्य स्वागत किया इस। दौरान लगभग 50 से अधिक मंच बनाए हुए थे। भौरासा फाटे पर कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय अपने दिए समय पर 12 बजे आगमन हुआ जहां क्षेत्रीय विधायक डॉ राजेश सोनकर द्वारा दुपट्टा पहनाकर आगमन स्वागत किया गया। इस दौरान जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव,जिला पंचायत अध्यक्ष लीलाबाई भेरूलाल अटारिया मुख्य रूप से उपस्थित थे। स्वागत पश्चात भौरासा फाटे पर विधानसभा मंडल भौरासा के अंतर्गत समस्त ग्राम पंचायत के भाजपा कार्यकर्ताओं ने अपने अपने मंच बनाए हुए जिससे भौरासा नगर तक भव्य आतिशबाजी और पुष्प वर्षा के साथ स्वागत होते हुए नगर में आगमन जहां छोटे हनुमान चौक पर बने मंच से विशाल आमसभा का संबोधित का कार्यक्रम रखा गया था। स्वागत में मंच मार्ग पर जेसीबी से, नगर परिषद अध्यक्ष व उपाध्यक्ष के द्वारा पुष्प वर्षा की गई। मंच पर सर्व प्रथम मां सरस्वती,पंडित दीनदयाल उपाध्याय,श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित किया गया। उसके पश्चात नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी, उपाध्यक्ष जयसिंह राणा, रोहित जायसवाल, छोटू लाल लोधी, मनीष यादव, सचिन यादव, धर्मेंद्र ठाकुर, सुरेश मालवीय, विनोद डोडिया सहित समस्त पार्षदों द्वारा भव्य फूल माला से कैबिनेट मंत्री विजयवर्गीय,विधायक डॉ राजेश सोनकर, जिला अध्यक्ष रायसिंह सेंधव,मंडल अध्यक्ष अनिल चावड़ा का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रमोद पालीवाल ने किया।

नगर परिषद अध्यक्ष संजय जोशी द्वारा नगर के 15 वार्ड में सी सी रोड, नाली निर्माण,संजय नगर मार्ग,नगर परिषद भवन के ऊपर नया भवन निर्माण,स्वागत द्वारा सहित नगर विकास कार्य संबंधित मांग पत्र दिया। जिसे कैबिनेट मंत्री द्वारा स्वीकार जल्द ही उक्त कार्यों की स्वीकृति प्रदान करने का आश्वासन दिया, साथ ही क्षेत्रीय विधायक डॉ सोनकर ने सोनकच्छ विधानसभा सभा अंतर्गत भाजपा सरकार द्वारा किए करोड़ों के विकास कार्यों को बताया ओर चंबल कालीसिंध लिंक परियोजना के चलते विधानसभा के डूब में जाने वाले ग्रामों को कैसे पूर्णिमित योजना के बारे में बताया।

अंत में कैबिनेट मंत्री विजयवर्गीय ने कहा कि जब में विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा प्रत्याशी डॉ राजेश सोनकर के लिए प्रचार करने आया था तब आपको कहा था कि कांग्रेस नेता सालों से सोनकच्छ पर राज किया परन्तु विकास नहीं किया। आज समय आया है कि सोनकच्छ विधानसभा में डॉ राजेश सोनकर को चुनाव जीताओ ओर विकास की पटरी पर सोनकच्छ लाओ जिसको आप सभी ने माना और भाजपा को जिताया आज सोनकच्छ विकास की पटरी पर चल रहा है। विधायक डॉ राजेश सोनकर मेरे छोटे भाई है और छोटे भाई ने सोनकच्छ को अपना परिवार माना है तो फिर में बड़े भाई होने के नाते कैसे छोटे भाई के परिवार को तकलीफ में रहने नहीं दूंगा। आज फिर आपसे कहूंगा कि सोनकच्छ के संबंधित किसी भी विभाग से संबंधित विकास की बात होगी उसको जरूर पूरा करूंगा, आपका विश्वास कभी टूटने नहीं दूंगा आपके विधायक डॉ राजेश सोनकर वैसे भी विकासशील नेता है विकास को लेकर वे स्वयं कोई समझौता नहीं करते है। इसके बाद 588 लाख से अधिक से विकास कार्यों का लोकार्पण, भूमिपूजन फीता काटकर किया गया। इस दौरान, जिला उपाध्यक्ष निरंजन सिंह सेंगर,गौतम सिंह राजपूत,पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष नरेंद्रसिंह राजपूत,बहादुरसिंह पिलवानी, पृथ्वीराज सिंह रजापुर, सुखदेव सिंह लालाखेड़ी,महेश पाटीदार, डॉ रूप सिंह नागर, प्रेमचंद सेठी अग्रवाल,प्रदीप मंत्री, प्रमोद पालीवाल,नरेंद्र माली, अजबसिंह धाकड़,नीरज ठाकुर, मनीष यादव,प्रदीप ठाकुर, हिम्मतसिंह ठाकुर, जीवनसिंह राजपूत, अर्जुनसिंह सेंधव, बद्रीलाल लोधी, संजय यादव, अश्विन जायसवाल, अजय यादव, मुकेश कुमावत, राजेश लोधी, छोटू माली, मौसम माली, नकुल अग्रवाल उपस्थित रहे। अंत में आभार मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि अनिल चावड़ा ने माना।

स्व. पालीवाल के चित्र पर किया माल्यार्पण

कुलाला संवरसी जाते समय टंकी चौराहा पर भाजपा नेता प्रेमचन्द अग्रवाल सेठी के महाकाल चिल्ड वाटर प्लांट पर रुक कर भाजपा के पितृ पुरुष स्व जेठमल पालीवाल के चित्र पर माल्यार्पण किया और स्व पालीवाल के बारे में उनकी साथ की अपनी स्मृतियों को अपने शब्दों से बताया।

नगर परिषद द्वारा रखी मांगे

संजय नगर सीसी रोड 02 किलोमीटर, कार्यालय भवन हेतु 02 करोड़ अनुदान, भंवरनाथ मंदिर प्रांगण सौंदर्यकरण एव पार्क हेतु 2 करोड अनुदान राशि, राजेंद्र नगर में ब्रिज एवं रोड निर्माण,नगर में चार मुख्य प्रवेश द्वार, श्री भंवरनाथ मार्ग पर बड़ा पूल निर्माण लागत 50 लाख, नगर को एक फायर ब्रिगेड वाहन, विशेष निधि एक करोड़, नगर के वार्ड 1 से 15 तक से सीसी रोड नाली निर्माण हेतु राशी 5 करोड़, वही नगर भौरासा में आए दिन जाम की स्थिति निर्मित होने के कारण नगर वासियों द्वारा बार-बार बायपास रोड की मांग की जा रही है ऐसी स्थिति में नाग महाराज फाटा से संजय नगर कॉलोनी होते हुए शमशान घाट व शमशान से भंवरनाथ मंदिर के पीछे होते हुए संवरसी रोड तक लगभग 6 किलोमीटर का बाईपास रोड बनवाया जाना है।

देवास की रग्बी टीम ने जीता सिल्वर मेडल

देवास। भोपाल के एलएनसीटी कॉलेज में 26 से 28 अक्टूबर तक आयोजित छठी सब जूनियर रग्बी राज्य स्तरीय चौंपियनशिप में देवास की रग्बी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक अपने नाम किया। देवास जिला रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन के सचिव संदीप जाधव एवं सह-सचिव सूरज वामनिया ने बताया कि खिलाड़ियों ने पूरे जोश और टीम भावना के साथ उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया। टीम में कप्तान आदित्य पटेल, उपकप्तान आरुष मालवीय, तथा खिलाड़ी आदित्य जायसवाल, प्रिंस मालवीय, वंश जायसवाल, विराज यादव, अश्विन राठौर, आदित्य राठौर, आयुष परमार, शरद यादव, दिव्यांश कराड़िया, देवराज कराड़िया और समर्थ शामिल थे। टीम को जिला रग्बी एसोसिएशन के अध्यक्ष अबरार अहमद शेख, उपाध्यक्ष अलका कनौजिया, सुमित शर्मा , उदय भावसार, निखिल सिंह महर, विशाल सिंह, लखन योगी, रोहित चौधरी, सुजल पटेल, निखिल पटेल, हर्ष प्रजापत, स्नेहा मेहर, हरिप्रिया यादव, ईशा लोट, आयुष योगी , आयुष लोधी सहित अन्य पदाधिकारियों एवं सदस्य ने हार्दिक बधाई दी।

भावांतर नहीं हमें सोयाबीन का भाव चाहिए, ब्लॉक कांग्रेस ने दिया ज्ञापन

देवास। लगातार प्रदेश में किसान भावांतर को लेकर आक्रोशित थे किसने की मांग है हमें भावांतर नहीं भाव चाहिए इसी को लेकर ब्लॉक कांग्रेस द्वारा मंगलवार को ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष भरत सिंह गोहील ने राजपाल के एक नाम ज्ञापन पूर्व मंत्री श्री सज्जन सिंह वर्मा एवं विश्वजीत सिंह चौहान की उपस्थिति में अनुविभागीय कार्यालय पहुंचकर सोपा । इस अवसर पर वर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि मेरे अन्नदाता भाइयों और बहनों आज सोनकच्छ मंडी में एसडीएम के सामने सिर्फ विरोध जताने नहीं, बल्कि किसानो का हक़ माँगने के लिए खड़े हैं, इसी के साथ श्री वर्मा ने कहा कि वर्मा ने कहा किसानों को उसकी फसल सोयाबीन,मक्का,प्याज का भाव नहीं मिलने पर गुस्सा है,यह गुस्सा किसी एक किसान का नहीं पूरे प्रदेश के किसानों की चीख है। किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष विश्वजीत सिंह चौहान ने कहा सभी किसानो की फसल एमएसपी पर खरीदी जाई,किसानो को भावांतर नहीं भाव चाहिए,सोयाबीन की फसलें बर्बाद हो गईं ,किसान को राहत राशि नहीं मिली,मुआवज़ा नहीं मिला और ऊपर से यह डबल इंजन सरकार विकास के दावे कर रही है। दिल्ली में मोदी सरकार और भोपाल में मोहन सरकार,दोनों मिलकर किसानों की रीढ़ तोड़ने में लगी हैं। अन्नदाता आज कर्ज़ और भूख दोनों से जूझ रहा है, और ये सरकारें मौन साधे बैठी हैं,क्या यह शर्म की बात नहीं कि देश का किसान,जो पूरे देश का पेट भरता है वो रात के तीन-तीन बजे तक लाइन में खड़ा होकर बारिश में भीग रहा है,सिर्फ खाद के लिए सरकार कहती है देश में खाद की कमी नहीं तो फिर किसानों को दर-दर की ठोकरें क्यों खानी पड रही हैं क्या यही हैं 'अच्छे दिन' यह सब जानबूझकर किया जा रहा है ताकि किसान टूट जाए, झुक जाए, और चुप हो जाए। अनेक समस्याओं माँगो को लेकर किसानों के साथ संबंधित अधिकारी से मिलकर आज महामहिम राज्यपाल के नाम ज्ञापन दे रहे हैं, लेकिन यह सिर्फ एक कागज़ नहीं किसानों की चेतावनी है लेकिन हम चुप नहीं बैठेंगे अब कांग्रेस पार्टी व किसान कांग्रेस किसानो की लड़ाई लड़ती रहेगी ! इस अवसर पर सूरज सिंह ठाकुर महेंद सिंह तालोद बहादुर सिंह उदय सिंह शैतान सिंह जितेंद्र राणा नंदकिशोर पाटीदार कुबेर सिंह भाटी दरबार सिंह अजय जैन सौदान सिंह सहित कांग्रेस जन उपस्थित थे ।

जायसवाल समाज ने धूमधाम से मनाया भगवान सहत्रबाहु जी का जन्मोत्सव

देवास। सर्ववर्गीय जायसवाल समाज चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा निर्माणाधीन धर्मशाला पर भगवान सहस्त्रबाहु का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। उपस्थित सभी समाजजनों द्वारा भगवान सहस्त्रबाहु का पूजन अर्चन कर कार्यक्रम का प्रारंभ किया गया। इस अवसर पर ट्रस्ट अध्यक्ष विनोद जायसवाल ने उपस्थितजनों को सम्बोधित करते हुए धर्मशाला निर्माण के बारे में बताया कि 20 हजार स्क्वेयरफीट का निर्माण हो चुका है आगामी चरण में धर्मशाला पर दानदाताओं द्वारा दान राशि से आगामी निर्माण कार्य में सहयोग की अपेक्षा की एवं जिन समाजजनों ने इस निर्माण कार्य में अपना सहयोग प्रदान किया उनका धन्यवाद किया। श्री जायसवाल ने बताया कि नवनिर्मित धर्मशाला सर्ववर्गीय समाज के कार्यक्रमों के उपलब्ध रहेगी।ी। युवा संगठन के सचिव तरूण जायसवाल ने भगवान सहस्त्रबाहु के जीवन पर प्रकाश डाला एवं समाज के युवाओं से भगवान के जीवन से प्रेरणा लेने का आव्हान किया। इस अवसर पर ट्रस्ट के सचिव सुरेश जायसवाल ने ट्रस्ट के बारे में समाजजनों को विस्तार से जानकारी दी। कार्यक्रम में वरिष्ठ नरेन्द्र जायसवाल, बद्रीलाल जायसवाल, मदनलाल जायसवाल, गौरीशंकर जायसवाल, प्रभुदयाल जायसवाल उज्जैन, अशोक जायसवाल इंदौर, दीपक जायसवाल इंदौर, राजेन्द्र जायसवाल, प्रफुल्ल जायसवाल, अश्विन जायसवाल, सुभाष जायसवाल, शिवलाल जायसवाल, अशोक जायसवाल सोनकच्छ, केशरसिंह जायसवाल, राजेन्द्र जायसवाल, ओमप्रकाश जायसवाल, निलेश जायसवाल, जितेन्द्र जायसवाल,आदि थे।

उपज का सही दाम नही मिलने पर हाईवे जाम

पुलिस ने जाम खुलवाया

सोनकच्छ। नगर की कृषि उपज मंडी में एक बार फिर उपज का सही दाम नहीं मिलने को लेकर किसानों ने हंगामा कर दिया। इस दौरान किसान एसडीएम कार्यालय गए लेकिन वहां एसडीएम के नहीं होने से किसान और आक्रोशित हो गए। आक्रोशित किसान एकत्रित होकर भोपाल देवास हाईवे एक ओर से जाम कर दिया। करीब जाम 7 मिनट तक चला। एसआई मानसिंह गामोद, आरक्षक सत्येंद्रसिंह आदि पुलिसकर्मी जाम की सूचना पर पहुंचे व किसानों समझाईश देकर हाईवे से हटाया। इस दौरान पुलिस की कुछ किसानों से बोलाचाली भी हो गई। समझदार किसानों ने जाम लगाने वाले किसानों को समझाया व हाईवे खुलवाया। इस दौरान वहनों की लम्बी कतार लग गई। किसान पुन: मंडी लौटे, यहां तहसीलदार संजय गर्ग पहुंचे व किसानों की बात सुनी। किसानों का कहना था कि, जो उपज मंगलवार को 38 सौ रुपए की बिक रही थी वहीं उपज बुधवार को 36 सौ 50 रुपए की बिकी। व्यापारियों द्वारा लगातार मनमानी की जा रही है। उधर तहसीलदार गर्ग की समझाईश पर व्यापारियों ने नीलामी शुरु करवाई। उधर व्यापारियों का कहना है कि, भीड़ में कोई व्यक्ति व्यापारी के साथ अभद्र व्यवहार कर सकता है। साथ मारपीट का भी खतरा बना रहता है। तहसीलदार ने इसका स्थायी हल खोजने के प्रयास किए जाएंगे।

एक नजर विभिन्न प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

जिलास्तरीय युवा उत्सव प्रतियोगिताओं में उभरे विभिन्न प्रतिभाओं के अक्स

देवास। उच्च शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन भोपाल के निर्देशानुसार युवा उत्सव के अंतर्गत तीन विधाओं की जिलास्तरीय प्रतियोगिताओं का आयोजन दिनांक 29.10.2025 को प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस श्री कृष्णाजीराव पवार शासकीय स्नातकोत्तर महा विद्यालय देवास में किया गया। महाविद्यालय के आई. क्यू. ए.सी. एवं युवा उत्सव हेतु गठित समिति के तत्वावधान में स्थल चित्रण, पोस्टर निर्माण एवं प्रश्न मंच प्रतियोगिता आयोजित की गई। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि जनभागीदारी समिति सदस्य नयन कानूनगो रहे। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ.एस.पी.एस.राणा ने की। युवा उत्सव प्रभारी डॉ. ममता लावरे, डॉ. आर.के.मराठा, डॉ. विद्या माहेश्वरी, डॉ. सीमा सोनी की मंच पर गरिमामय उपस्थिति रही। मॉ सरस्वती के पूजन एवं दीप प्रज्जवलन से कार्यक्रम का आरम्भ किया गया। कार्यक्रम की रूपरेखा एवं शब्द सुमन से स्वागत भाषण डॉ. ममता लावरे द्वारा प्रस्तुत किया गया। अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. राणा ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि महाविद्यालय विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का स्थल हैं और युवा उत्सव प्रतिभाओं को निखारने का सशक्त मंच हैं। प्रश्न मंच प्रतियोगिता में शासकीय महाविद्यालय हाटपिपल्या, श्री उमा कन्या महाविद्यालय हाटपिपल्या, शासकीय नवीन विज्ञान महाविद्यालय देवास, शासकीय कन्या महाविद्यालय देवास एवं प्रधानमंत्री कालेज ऑफ एक्सीलेंस श्री कृष्णाजीराव पवार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय देवास की (कुल 05) टीमों ने प्रतिभागिता की। जिसमें प्रधानमंत्री कालेज ऑफ एक्सीलेंस श्री कृष्णाजीराव पवार शासकीय स्नातकोत्तर महा विद्यालय देवास की टीम की मनीषा कुलथिया, बबली सिंह एवं शिवानी नागर प्रथम स्थान पर रही।

द्वितीय स्थान पर शासकीय नवीन विज्ञान महाविद्यालय देवास के अल्फेज खान, भारत मीणा और राम चौधरी तथा तृतीय स्थान पर शासकीय कन्या महाविद्यालय देवास की माही राठौर, शिवानी सरोनिया, प्रणीता मिश्रा रही। पोस्टर प्रतियोगिता में शासकीय कन्या महाविद्यालय देवास, शासकीय नवीन विज्ञान महाविद्यालय देवास, शासकीय बी.एड. महाविद्यालय देवास, श्री उमा कन्या महाविद्यालय हाटपिपल्या, शास महाविद्यालय टोंकखुर्द, श्री कृष्णाजीराव पवार शास स्नातकोत्तर महाविद्यालय देवास की कुल 06 टीम के प्रतिभागी सम्मिलित रहे जिसमें प्रथम सोहेल मंसुरी श्री कृष्णाजीराव पवार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय देवास, द्वितीय- खुशी साहनी शासकीय कन्या महाविद्यालय देवास एवं तृतीय श्रृद्धा चिल्लोरिया शासकीय नवीन विज्ञान महाविद्यालय देवास रही। इसी प्रकार स्थल चित्रण प्रतियोगिता में शासकीय बी.एड. महाविद्यालय देवास, श्री उमा कन्या महाविद्यालय हाटपिपल्या, श्री कृष्णाजीराव पवार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय देवास की कुल 03 टीमों ने भागीदारी की। प्रथम स्थान पर विनिता पाटीदार श्री उमा कन्या महाविद्यालय हाटपिपल्या, द्वितीय-साधना कुरील शासकीय बी.एड. महाविद्यालय देवास एवं तृतीय स्थाननिहालिका सिसोदिया श्री कृष्णाजीराव पवार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय देवास रही। सभी प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी संभाग स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेगें। कार्यक्रम के सुचारू संचालन में डॉ. आर.एस. अनारे, डॉ. दीप्ति ढवले, डॉ. बी.एस.जाधव, डॉ. मधुकर ठोमरे, डॉ. जरीना लोहावाला, डॉ. ममता झाला, डॉ. रश्मि ठाकुर, डॉ. भारती कियावत, डॉ. शशि सोलंकी, डॉ. प्रीति मालवीय, डॉ. प्रतिमा रायकवार, डॉ. संजय गाडगे, राकेश कोटिया, नीरज जैन, डॉ. लता धुपकरिया, डॉ.सत्यम सोनी, डॉ. मनोज मालवीय, डॉ. लीना दुबे, डॉ.रेखा कौशल, डॉ. भारती वास्केल, डॉ.सचिन दास, गठित विभिन्न समितियों के प्राध्यापक, डॉ. सीमा परमार, डॉ. कैलाश यादव, श्री दीपक अटारिया, डॉ हेमन्त मण्डलोई, जितेन्द्र सिंह राजपूत, डॉ, माया ठाकुर का विशेष सहयोग रहा।

विभिन्न महाविद्यालयों से आए दल प्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का प्रभावी संचालन डॉ. संजयसिंह बरोनिया ने किया तथा आभार डॉ. रजत राठौर ने व्यक्त किया।